



### एक नजर में

## विश्व थैलेसीमिया दिवस पर आज, सीएमएचओ ने लोगों से की रक्तदान की अपील

**रतलाम।** विश्व थैलेसीमिया दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 8 मई को किया जाता है। इस वर्ष की थीम' जागरूकता, बचाव और देखभाल, थैलेसीमिया मुक्त भविष्य के लिए साथ आए' निर्धारित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसर ने बताया कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रक्त विकार है जिसके कारण रक्त में हीमोग्लोबिन कम बनता है। हमारा संकल्प है कि थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाएं, जांच को अपनाए और स्वस्थ समाज का निर्माण करें। विवाह से पहले थैलेसीमिया की जांच कराना चाहिए। नियमित जांच उचित इलाज और देखभाल से थैलेसीमिया पीड़ित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है, रक्त की हर बूंद कीमती है, अधिक से अधिक लोग रक्तदान करें। रक्तदान हृदय के लिए फायदेमंद है, कैंसर के खतरे कम करता है , नयी रक्त कोशिकायें बनती हैं , हार्ट अटैक की सम्भावना कम होती है , वजन कम करने में सहायक है, मानसिक संतुष्टि और सामाजिक योगदान का माध्यम है, रक्तदान से लीवर से जुड़ी समस्याओं में राहत मिलती है , रक्तदान आयरन के स्तर को नियंत्रित करता है ,रक्तदाताओं का नि:शुल्क जाँच हो जाती है। 8 मई विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से जिला चिकित्सालय रतलाम के ब्लड बैंक में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की है।

## खरीफ फसलों की बोनी के लिए मध्य प्रदेश में खाद का पर्याप्त भंडार मौजूद

**रतलाम।** उप संचालक कृषि आर के सिंह ने बताया कि खरीफ फसलों की बोनी की तैयारी हेतु प्रदेश में खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। वर्तमान स्थिति में लगभग 6.40 लाख मेट्रिक टन यूरिया, 1.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी, 3.56 लाख मेट्रिक टन एनपीके इस प्रकार 5.13 लाख मेट्रिक टन डीएपी एनपीके तथा 3.50 लाख मेट्रिक टन एसएसपी खाद उपलब्ध है। विषम वैश्विक परिस्थितियों के उपरांत भी भारत सरकार द्वारा प्रदेश में उर्वरको की आपूर्ति निर्बाध तथा तय कार्यक्रम अनुसार निरंतर की जा रही है। प्रदेश में उक्त उपलब्ध खाद सोसायटीवार, मार्कफेड के डबल लॉक केंद्रवार, निजी दुकानवार ई-विकास पोर्टल पर उपलब्ध है। किसान भाइयो से अनुरोध है कि अपनी आवश्यकतानुसार खाद अपनी सोसायटी / मन पसंद दुकान से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से बुकिंग कर अपने खाद को ले सकते है। ई-विकास प्रणाली में राजस्व पट्टाधारी, वन पट्टाधारी, सिकमी किसान, शारीरिक रूप से अक्षम किसान, वृद्ध किसान, मृतक किसान के वारिसान को, धार्मिक संस्थान/ट्रस्ट, की जमीन के लिए खाद उपलब्ध कराने हेतु सुविधा दी गयी है। किसानो को खरीफ की फसलो की बोनी हेतु फसलो की अनुशंसित खाद की मात्रा अनुसार यूरिया, एसएसपी, एनपीके, डीएपी, पोटाश खाद की पूर्ण मात्रा को एक बार में ही ले सकते है। यदि किसान चाहे तो पुन: पोर्टल पर प्रक्रिया का पालन कर अपनी मर्जी अनुसार खाद बुक कर अपनी सुविधानुसार उठा सकता है।

## आलोट में आरोह 2026 ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

**रतलाम।** युवाओं के सर्वांगीण विकास और खेल प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आरोह 2026 के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 5 मई से 5 जून तक आलोट के विभिन्न केंद्रों पर संचालित होगा। शिविर का आयोजन मुख्य रूप से सांदीपनि विद्यालय आलोट, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कराड़िया एवं शासकीय माध्यमिक विद्यालय लूनी में किया जा रहा है। यहाँ एथलेटिक्स, थ्रो बॉल और खो-खो जैसे खेलों का विशेष प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। शिविर में ब्लॉक समन्वयक दुर्गाशंकर मोयल के साथ अतुल वर्मा, बद्रीलाल बसेर, गोकुलसिंह चौहान और माधव शर्मा जैसे प्रशिक्षक खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से अवगत करा रहे हैं। जिला खेल अधिकारी श्रीमती रूचि शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री मोहन यादव और खेल मंत्री विश्वास सारंग के मार्गदर्शन में आयोजित इस एक माह के शिविर का उद्देश्य युवाओं का बहुमुखी विकास करना है।


## नारकोटिक्स ऑफिस के बाहर नाली निर्माण शुरू

**जावरा।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में चल रहे रहे विकास कार्यों के अन्तर्गत वार्ड 6 नारकोटिक्स ऑफिस के बाहर आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत राशि 4 लाख रूपए का नगर पालिका अध्यक्षा अनम मोहम्मद युसुफ कड़पा के द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जावरा नार्कोटिक्स जिला अफीम अधिकारी आरके प्रसाद, जावरा नार्कोटिक्स अधीक्षक सबीहा खॉन एवं पूर्व नपा अध्यक्ष मो. युसुफ कड़पा, नपा उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, जिला योजना सदस्य एवं सभापति मोहम्मद मुस्तकीम मंसुरी, विजय कोठारी, श्रीमती नूरजहां कड़पा सभी अतिथियों का स्वागत वार्ड पार्षद एवं सभापति स्वास्थ्य शाखा नपा यासमीन कबाड़ी द्वारा किया गया। इस अवसर पर न.पा. समयपाल शैलेन्द्रसिंह सोलंकी, ठेकेदार प्रार्थना कंस्ट्रेक्टशन के हरीश निम्बे, शौकत खॉन आदि उपस्थित थे।



# फायर सेफ्टी ऑडिट में होटल समता सागर की बड़ी लापरवाही उजागर

- 63 कमरों के मुकाबले सिर्फ 8 फायर एक्सटिंग्यूजर मिले
- बंद पड़ी थी हाईड्रेंट लाइन और अलार्म सिस्टम



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और अग्नि दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे फायर सेफ्टी ऑडिट अभियान के तहत बुधवार को होटल समता सागर का निरीक्षण किया गया। संयुक्त टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में होटल की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था में कई गंभीर कमियां सामने आईं, जिसके बाद होटल प्रबंधन को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर मिशा सिंह के आदेशानुसार जिले के विभिन्न अनुभागों में अनुविभाग स्तर पर फायर सेफ्टी ऑडिट दल गठित किए गए हैं। यह अभियान 1 मई से शुरू किया गया है। इसी क्रम में बुधवार सुबह जिला प्रशासन रतलाम शहर की संयुक्त टीम ने होटल का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में होमगार्ड विभाग, फायर विभाग, पीडब्ल्यूडी विभाग तथा एमपीईबी विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि होटल में कुल 63 कमरे संचालित हो रहे हैं, लेकिन सुरक्षा के लिए पर्याप्त अग्निशमन उपकरण उपलब्ध नहीं हैं। होटल में केवल 6 एबीसी फायर एक्सटिंग्विशर और 2 सीओ 2 फायर एक्सटिंग्विशर ही मिले। टीम ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए होटल प्रबंधन को तत्काल आवश्यक संख्या में अग्निशमन उपकरण बढ़ाने के निर्देश दिए। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि होटल की हाईड्रेंट लाइन बंद पड़ी थी तथा फायर अलार्म सिस्टम भी कार्यरत नहीं था। टीम ने इन दोनों व्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में ऐसी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। जिला प्रशासन ने कहा है कि नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और जिलेभर में होटल, अस्पताल, मैरिज गार्डन तथा अन्य सार्वजनिक संस्थानों का फायर सेफ्टी ऑडिट लगातार जारी रहेगा।

### जांच में मिली बड़ी लापरवाही

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि होटल की हाईड्रेंट लाइन बंद पड़ी थी तथा फायर अलार्म सिस्टम भी कार्यरत नहीं था। टीम ने इन दोनों व्यवस्थाओं को अविलंब दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी आपात स्थिति में ऐसी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

## करंट की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**सैलाना।** जिले के सैलाना नगर में गुरुवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई, जहाँ कुमावत मोहल्ले में बिजली के तार की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की अकाल मृत्यु हो गई। इस घटना से क्षेत्र के प्रकृति प्रेमियों में शोक की लहर छा गई।

जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह कुमावत मोहल्ले में एक मोर बिजली की लाइनों के संपर्क में आ गया। जोरदार करंट लगने के कारण मोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुबह जब रहवासियों ने मोर को मृत अवस्था में देखा, तो तुरंत इसकी जानकारी स्थानीय वन विभाग के अधिकारियों को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और मृत मोर को अपने संरक्षण में लिया।

राष्ट्रीय पक्षी होने के नाते, विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी सैलाना के समक्ष पूरी संवेदनशीलता बरतते हुए नियमानुसार पंचनामा तैयार किया। इसके बाद, वन विभाग के परिसर में विभागीय मापदंडों और विधिवत प्रक्रिया के साथ वन परिक्षेत्र अधिकारी सैलाना राधेश्याम जोशी के निर्देशन में गजराज सिंह डोडिया, रघुवीर सिंह चुंडावत, नारायण कटारा, सुरक्षा श्रमिक कालू मईडा द्वारा मोर का रेस्क्यू किया गया और सक्षम वन अधिकारी के समक्ष राष्ट्रीय पक्षी मोर का दाह संस्कार किया गया।



## एसडीएम ने किया जनगणना कार्यों का निरीक्षण

**रतलाम।** जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई से जिले में किया जा रहा है। एसडीएम रतलाम शहर आर्ची हरित ने बंजली में तथा एसडीएम रतलाम ग्रामीण विवेक सोनकर ने बिलपांक में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रगणकों, सुपरवाइजर एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं नागरिकों को जनगणना के लिए प्रगणको को सही-सही जानकारी देने के लिए जागरूक किया।

## भाजपा की जिला कामकाजी बैठक आज

**रतलाम।** भारतीय जनता पार्टी की आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर 8 मई को दोपहर 12 बजे स्टेशन रोड़ स्थित होटल उजाला पैलेस मे जिलास्तरीय कामकाजी बैठक होगी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय करेगे। जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि बैठक मे संभाग प्रभारी सुरेश आर्य मार्गदर्शन देगे। बैठक मे जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं मोर्चा जिलाध्यक्ष शामिल होगे।



## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत रतलाम से 47 श्रद्धालु रवाना

- भाजपा जिलाध्यक्ष बोले- यह यात्रा सांस्कृतिक विरासत और आस्था से जुड़ने का सौभाग्य

**रतलाम।** सोमनाथ स्वाभिमान पर्व सोमनाथ मंदिर पर 1026 में हुए पहले हमले के 1000 वर्ष और 1951 में पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा एक राष्ट्रीय स्मरणोत्सव है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह आयोजन भारत की अटूट आस्था, सांस्कृतिक एकता और विरासत के पुनरुद्धार को दर्शाता है।

यह महोत्सव बताता है कि सोमनाथ मंदिर, जिसे बार-बार नष्ट करने का प्रयास किया गया, आज भी भारत की आस्था का केंद्र बनकर अडिग खड़ा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के सुप्रयासों से प्रदेश के श्रद्धालुओं को यह अवसर मिल रहा है। इस पर्व के तहत सोमनाथ की यात्रा कर रहे रतलाम जिले के सभी तीर्थ यात्री सौभाग्यशाली है। उन्हें बहुत शुभकामनाएं। उक्त विचार सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के तहत रतलाम से सोमनाथ की यात्रा पर प्रस्थान कर रहे रतलाम जिले के 47 श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सोमनाथ जाकर सभी श्रद्धालु दर्शन लाभ भी लेवें और वहां विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर हमारी सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित हों। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री वैशाली जैन ने इस अवसर पर कहा कि कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जिले में इस यात्रा के आयोजन के लिए गठित दल द्वारा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई है। परियोजना अधिकारी डूडा अरुण पाठक ने तीर्थ यात्रियों को यात्रा के दौरान की गई व्यवस्थाओं से अवगत कराते हुए कहा कि यह पूरी तरह वातानुकूलित यात्रा है। रतलाम से उज्जैन वातानुकूलित बसों द्वारा यात्री जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। अतिथियों ने यात्री बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं के परिजन एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खनन माफियाओं पर विधायक का छापा, मशीनें रुकीं, मचा हड़कंप

- बेड़दा-जाम्बूडिया में औचक निरीक्षण, वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर मशीन जब्त करने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/सैलाना।** सैलाना विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के खिलाफ विधायक कमलेश्वर डोडियार ने बेड़दा-जाम्बूडिया क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर बड़ी कार्रवाई की। प्लांट की वैधता और पर्यावरणीय एनओसी समाप्त होने के बावजूद क्षेत्र में अवैध ड्रिलिंग और गिट्टी निकासी की तैयारी चल रही थी। विधायक के अचानक मौके पर पहुंचने से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया।

निरीक्षण के दौरान विधायक डोडियार ने एक ड्रिलिंग मशीन सक्रिय हालत में पाई, जिसे तत्काल बंद करवाया गया। उन्होंने संचालकों से लीज, पर्यावरणीय स्वीकृति और अन्य आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किए जा सके। इसके बाद संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विधायक डोडियार ने स्पष्ट कहा कि बिना अनुमति और पर्यावरणीय स्वीकृति के क्षेत्र से 'एक भी पत्थर नहीं निकलने दिया जाएगा।' उन्होंने अवैध खनन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की बात कहते हुए सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। जिला माइनिंग अधिकारी रीना पाठक ने भी कहा कि बिना पर्यावरणीय स्वीकृति के ड्रिलिंग और ब्लास्टिंग पूरी तरह अवैध है। विधायक की शिकायत के बाद माइनिंग इंस्पेक्टर को मौके पर भेजा गया है। कार्रवाई के दौरान जिला जनपद उपाध्यक्ष केशुराम निनामा, जनपद सदस्य चंदू मईड़ा, भारत आदिवासी पार्टी जिला अध्यक्ष रमेश खराड़ी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विधायक की कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि क्षेत्र में लंबे समय से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं और इस पर सख्त रोक जरूरी है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। प्रशासन द्वारा दोषी पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की संभावना जताई है।

## उमरन में लगी जल चौपाल, ग्रामीणों से पेयजल व्यवस्थाओं पर सीधी चर्चा

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने तथा जल संबंधी समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशन एवं कार्यपालन यंत्री एस.आर. जांगड़े के मार्गदर्शन में जल चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में रतलाम विकासखंड के ग्राम उमरन में जनपद पंचायत सीईओ सी.एस. वास्कले तथा पीएचई विभाग के सहायक यंत्री डी.सी. कथिरिया की उपस्थिति में जल चौपाल आयोजित हुई।

चौपाल में अधिकारियों ने ग्रामीणों से वर्तमान पेयजल व्यवस्थाओं, नलजल योजना की स्थिति तथा जल आपूर्ति को लेकर चर्चा की। सीईओ श्री वास्कले ने ग्राम पंचायत में वर्षभर संचालित होने वाले शासकीय एवं निजी पेयजल स्त्रोतों की जानकारी लेते हुए नलजल योजना के सुचारू संचालन और समय पर जलकर राशि जमा करने की बात कही। सहायक यंत्री श्री कथिरिया ने जल गुणवत्ता पर चर्चा करते हुए कहा कि केवल पानी की उपलब्धता ही नहीं, उसकी गुणवत्ता की जानकारी होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने जल संबंधी समस्याओं और सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। इस अवसर पर उपसरपंच ऋषिराज सोनगरा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री अर्पित चतर, विकासखंड समन्वयक बबन बेनल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सड़कों पर निकला बदमाशों का जुलूस, पुलिस का सख्त संदेश

- रतलाम में 20 से ज्यादा गुंडे-बदमाशों को पैदल मार्च करवाकर कोर्ट में किया पेश

**रतलाम।** शहर में बढ़ते अपराधों पर लगाम कसने और अपराधियों के मन में पुलिस का खौफ पैदा करने के लिए रतलाम पुलिस अब सख्त एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान और गश्त के तहत गुरुवार को पुलिस ने आदतन अपराधियों और गुंडे-बदमाशों का सार्वजनिक रूप से जुलूस निकाला तथा उन्हें न्यायालय में पेश किया।

सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में स्टेशन रोड, दीनदयाल नगर, औद्योगिक क्षेत्र और माणक चौक थाना क्षेत्र के 20 से अधिक सूचीबद्ध बदमाशों को स्टेशन रोड थाने पर एकत्रित किया गया। इसके बाद पुलिस ने उन्हें थाने से लेकर सीएसपी कार्यालय तक करीब 500 मीटर तक पैदल मार्च करवाया। इस दौरान कई बदमाश लोगों की नजरों से बचने के लिए अपना चेहरा छुपाते नजर आए।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना और आम नागरिकों के मन से अपराधियों का भय खत्म करना है। सीएसपी घनघोरिया ने बताया कि जिले में आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार सभी थाना प्रभारियों को गश्त बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि 20 से अधिक बदमाशों को न्यायालय में पेश किया गया है, ताकि उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## जिलाबदर बदमाश इलाके में, पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा

**रतलाम/जावरा।** बड़ावदा थाना अंतर्गत हाटपिपलिया चौकी पुलिस ने जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। एसपी के निर्देश तथा एएसपी ग्रामीण विवेक कुमार एवं एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार 7 मई को हाटपिपलिया चौकी पुलिस को सूचना मिली थी कि जिलाबदर दिनेश पिता लक्ष्मण उर्फ लच्छीराम बोड़ाना प्रतिबंधित क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने ग्राम मुण्डला परवल, लसूडिया जंगली के बीच घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाना बड़ावदा में अपराध क्रमांक 162/2026 के तहत धारा 14 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 में प्रकरण दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपी दिनेश उर्फ लच्छीराम बोड़ाना (35) निवासी ग्राम नयापुरा इस्लामनगर, थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा का रहने वाला है। कार्रवाई में थाना प्रभारी वैभव प्रिय, उपनिरीक्षक कुलदीप डाबी, प्रआ शहजाद खान, दिनेशसिंह भदौरिया, आ.रोहताश जाट, बालूसिंह, सैनिक नरेन्द्रसिंह एवं संग्रामसिंह की सराहनीय भूमिका रही।

**एक नजर में** — जावरा में संघर्ष समिति का प्रदर्शन, एसडीएम बोले- 20 दिन में हटेगी रोक

## चार महीने से बंद रजिस्ट्री पर फूटा गुस्सा, रजिस्ट्रार कार्यालय पर धरना



**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** हुसैन टेकरी चौराहे से महू-नीमच फोरलेन सडक के जोयो तिराहे तक एलाइनमेंट निरस्त होने के 4 महीने बाद भी उप पंजीयक जावरा द्वारा उक्त क्षेत्र की जमीन के सौदे की रजिस्ट्री पर लगी रोक नहीं हटाए जाने को लेकर गुरुवार को जन संघर्ष समिति ने रजिस्ट्रार कार्यालय पर धरना देकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान समिति की मांग पर उप पंजीयक लिखित जवाब देने से मुकर गए। जन संघर्ष समिति के साथ एरिए के सैकड़ों पीडित किसान-व्यापारी उप पंजीयक कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उप पंजीयक पर सवाल दागा कि जब कलेक्टर रतलाम ने 14 जनवरी 2026 को उक्त भाग का एलाइनमेंट निरस्त कर दिया, बावजूद इसके रजिस्ट्री क्यों बंद है ?

इस पर उप पंजीयक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। समिति का आरोप है कि यह प्रशासन की मनमानी है कि 2024 के निरस्त आदेश की आड़ में मौखिक फरमान से असंख्य परिवारों की जमीन की रजिस्ट्री पर बंदिश लगा रखी है। उप पंजीयक कार्यालय पर प्रदर्शन की सूचना मिलते ही एसडीएम सुनील जायसवाल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से चर्चा की। उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत में आश्वासन दिया कि इस महीने की 27 तारीख से जोयो तिराहे से हुसैन टेकरी क्षेत्र की भूमि की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटा ली जाएगी। एसडीएम की बात पर भरोसा करते हुए समिति ने आंदोलन समाप्त तो कर दिया लेकिन साथ ही चेतावनी भी दे डाली कि यदि उक्त तिथि तक ऐसा नहीं हुआ तो अगले दिन पीडित किसान-व्यापारी के संग समिति सदस्य चौपाटी स्थित एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करेंगे।

### आंदोलन के दौरान ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सुनील पोखरना, मनोज मेहता, डीपी धाकड़, राजेश कोठारी, रंजीत सिंघल, असलम मेव, राजेश भरावा, यूसुफ पठान, गुड्डू पठान, आरडी धाकड़, दिनेश सैनी, मुकेश धाकड़, जगदीश सोलंकी,आकाश जाजोदिया, नंदकिशोर राठौर, मोहम्मद हुसैन, भुरु रईस कुरैशी, मोहन सैनी, सैयद इखतार अली, जीवन सैनी, हैदर पटेल, सिकंदर मेव, शाहरुख डेविड, शाहिद सवेरा, इमरान बोरदा रहीम चाचा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।